


# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से, बंगाल के तीन मजदूरों की मौत, एक गंभीर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 नवम्बर** जौरासी घाटी के पास ग्वालियर-झांसी हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। लोहे की एंगल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सभी मृतक और घायल पश्चिम बंगाल के निवासी थे और बिजली टावर बनाने का



काम करते थे। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक व घायलों को उठाकर अस्पताल भिजवाया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे लोहे की एंगल से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जौरासी घाटी के खतरनाक मोड़ से गुजर रही थी। भारी भरकम लोड और तेज गति के कारण चालक वाहन संभाल नहीं पाया और ट्रॉली सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरी। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला। लेकिन हादसे में तीनों मजदूरों की मौत हो गई, जो ट्रॉली में सवार थे। हादसे में एक मजदूर घायल हो गया, जिसका इलाज जयारोग्य अस्पताल में चल रहा है। इसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों व घायलों को उठाकर अस्पताल भेजा और ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू की। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान अलकश शेख, मुस्तगिन आलम और दुर्गेश सरकार के रूप में हुई है। वहीं मासूम शेख गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे ग्वालियर के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हादसे के आसपास के सीसीटीवी फुटेज देख रही है। जिससे यह पता चल सके कि यह हादसा कैसे हुआ। गौरतलब है कि कुछ ही दिनों पहले इसी हाईवे पर फॉर्च्यूनर के ट्रेक्टर ट्राली में घुसने से पांच युवकों की मौत हो गई थी। लगातार हो रहे इन हादसों ने हाईवे की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मुरार से निकली बारात, 11 गरीब कन्याओं के हाथ हुए पीले

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 नवम्बर** श्रीमती धन्नाबाई मथुरा डोंगरे सेवा समिति के तत्वाधान में आज 11 जोड़ो का विवाह महायज्ञ करवाया गया सभी दूल्हे मुरार से घोड़ी चढ़े बैंड बाजों की धुन पर नाचते बारातियों के साथ भाजपा नेता विपुल गुप्ता भी अपने दोस्तों के साथ चल रहे थे

बारात गिर्राज जी मंदिर मुरार से बारादरी होते हुये हुरावली चैराहे पर स्थित गोयल वाटिका पहुंची सभी जोड़ों का वरमाला कार्यक्रम करवाकर पंडितों द्वारा हिन्दू रीति रिवाज से गरीब अन्य समाज की कन्याओं के हाथ पीले कर विवाह करवाया गया।

मुरार बारादरी से गोयल वाटिका तक बारात के साथ चली पुलिस बारात शुरू होते ही सड़कों पर जाम की स्थिति बन रही थी जिसे पुलिस जवानों द्वारा संभाल लिया गया एक रास्ते पर बारात चल रही थी तो वहीं यातायात को दूसरी तरफ की रोड पर डायवर्ड कर दिया गया बारात में बहुत भीड़ होने के कारण पुलिस भी नजर बनाए हुए थी कि कहीं कोई चोरी की घटना को अंजाम ना दे सके।







**ढोल तासों की धुन पर थिरकी बाराती महिलाएं-** ग्यारह दूल्हों की बारात जब गोयल बाटिका पहुचीं तो दरवाजे पर बारात में आई महिलाओं और लड़कियों ने जमकर डांस किया

**एम्पीरियाल गोल्ड रिजॉर्ट में हुआ आशीर्वाद समारोह-** सुबह से शाम तक शादी समारोह की रस्म गोयल बाटिका में आयोजित हुई फिर शाम को सभी जोड़ो के साथ आशीर्वाद एवं सुरुचि भोज इम्पीरियल गोल्ड रिजॉर्ट में हुआ

# कोहरे ने बिगाड़ा रेल यातायात, घंटों देरी से पहुंच रही हैं पंजाब व जम्मू की ओर से आने वाली ट्रेनें

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 नवम्बर.** घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो जाने के कारण दिल्ली की ओर से आने वाली ट्रेनें के लेट होने का सिलसिला शुरू हो गया है। सबसे ज्यादा असर जम्मू, पंजाब और लंबी दूरी की ओर से आने वाली ट्रेनों पर पड़ रहा है। रेल्लवे अधिकारियों ने बताया कि कोहरे के चलते रात में आने वाली ट्रेनों के देरी से ग्वालियर पहुंच रही हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि विजिबिलिटी कम होने के कारण ट्रेनों की गति सीमित कर दी गई है। जिन ट्रेनों में एंटी फॉग डिवाइस नहीं लगी है उन ट्रेनों को 65 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलाया जा रहा है। ट्रेनों के देरी से आने के कारण यात्रियों की परेशानी बढ़ना शुरू हो गई है। लोग घंटों ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं और बार-बार ट्रेन के बारे में पता करने के लिए इंक्वायरी के चक्कर काट रहे हैं। कई ट्रेनें 2 से 5 घंटे तक की देरी से चल रही हैं, जबकि कुछ ट्रेनों के समय में और इजाफा होने की संभावना है। हालांकि इंक्वायरी पर भी यात्रियों को ट्रेन का सही समय पता नहीं चल पा रहा है।

## सुगम यातायात के लिये हटाया अस्थाई अतिक्रमण

**ग्वालियर 21 नवम्बर.** नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशन में नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के दक्षिण विधानसभा अंतर्गत उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान एवं मदाखलत अधिकारी रवि कुमार कोरी जी के दिये गए निर्देश पालन में दक्षिण विधानसभा अंतर्गत महाराज बाड़ा सुभाष मार्केट पर लगे फुटपथियो को हटाया जाकर सामान जप्त करने की कार्यवाही की गई इसके साथ ही सुभाष मार्केट स्थित शौचालय के रास्ते मे लगे फुटपथियो को हटाया जाकर सख्त हिदायत दी गई के उक्त स्थल पर किसी प्रकार का सामान रख कर रास्ता बन्द न किया जावे

# व्हीआईएसएम के छात्रों ने किया औद्योगिक दौरा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 नवम्बर.** व्हीआईएसएम ग्रुप आफ स्ट्डीज़ के अंतर्गत संचालित जय इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड रिसर्च, ग्वालियर के नर्सिंग छात्रों ने शुक्रवार को बानमोर स्थित सांची मिल्क प्लांट का शैक्षणिक दौरा किया। इस औद्योगिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को दुग्ध प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण और खाद्य स्वच्छता (फूड हाइजीन) की व्यावहारिक जानकारी देना था। तकनीकी टीम ने छात्रों को दूध संग्रहण की प्रक्रिया, पाश्चराइजेशन, पैकेजिंग, कोल्ड स्टोरेज तथा गुणवत्ता जांच की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई। उन्होंने प्लांट के विभिन्न विभागों जैसे लैब



यूनिट, प्रोसेसिंग सेक्शन और पैकिंग यूनिट का निरीक्षण भी कराया। प्रशिक्षकों ने बताया कि खाद्य उद्योग में स्वच्छता मानकों, हैंडलिंग तकनीक और क्वालिटी टेस्टिंग की क्या भूमिका होती है। नर्सिंग छात्रों के लिए यह जानकारी भविष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य, पोषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में विशेष रूप से उपयोगी रहेगी। भ्रमण में शामिल विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने दूध की गुणवत्ता जांच में प्रयुक्त तकनीकों, सुरक्षा उपायों और उत्पादन प्रक्रिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर ने कहा कि ऐसे औद्योगिक दौरों से छात्रों को किताबों से परे वास्तविक कार्यप्रणाली की समझ मिलती है और उनके व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि होती है।

# सूने घर के ताले टूटे, लाखों का माल ले गए चोर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 नवम्बर.** सूना घर छोड़ना चोरों को आमंत्रण देना वाली बात सही बैठ रही है। सूना घर देखकर चोरों ने ताले तोड़े और नकदी व सोने चांदी के जेवरात समेट ले गए। चोरी गए माल की कीमत 2 लाख रुपए से ज्यादा बताई गई है। घटना कंपू थाना क्षेत्र के अबाड़पुरा में हैदरी की गली की है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। कंपू थाने पहुंचे उस्मान खान पुत्र मंगल खान ने बताया कि 19 नवंबर को वह बाहर गए थे इसलिए घर पर ताला लगा दिया था। उसी रात अज्ञात चोरों ने घर का ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर घर में घुसे और कमरों में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे नकद रुपए व सोना-चांदी के जेवरात समेट ले गए। उस्मान खान ने पुलिस को बताया कि चोर अलमारी में रखा सोने का हार, सोने की झुमकी, अंगूठी, बाली, नाक की लोंग, टॉप्स, चांदी की पायल, बिछिया सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। घर में चोरी होने की बात पता चलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरु की।

# ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ देवाशीष कल आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में देंगे अपनी सेवाएं

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 नवम्बर.** 23 नवंबर रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ देवाशीष चंदा ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे जिनको 20 वर्षों का घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण का अनुभव है उन्होंने अब तक 10,000 से भी ज्यादा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की है इसके साथ ही डॉक्टर देवाशीष जॉइंट प्रिजर्वेशन सर्जरी,ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी,



रिवीजन कंपलेक्स ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, कार्टिलेज माइक्रो सर्जरी, री एलाइनमेंट ऑफ लिंब की सर्जरी भी करते है.

# आईटीएम का 10वां दीक्षांत समारोह आज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 21 नवंबर.** शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहे व देश-विदेश में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा साबित करने वाले देश के प्रतिष्ठित व अग्रणी आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर का 10वां दीक्षांत समारोह कल 22 नवंबर को आयोजित होने जा रहा है। पिछले नौ वर्षों की तरह इस बार भी इस विशाल आयोजन में शैक्षणिक, साहित्यिक व सामाजिक क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियां शिरकत करने ग्वालियर शहर में आ रही हैं। इनमें से कई विभूतियों को अपने क्षेत्र में किए गए विशिष्ट कार्यों के लिए आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की ओर से मानद उपाधि प्रदान की जाएगी।



इस दीक्षांत समारोह में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह, चांसलर श्रीमती रुचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय अपनी गरिमामयी उपस्थित दर्ज कराएंगे।

यह आयोजन सिथौली स्थित प्रदेश के पहले मुक्ताकाश मंच नाद एम्फीथियेटर में होगा। सुबह 10 बजे प्री-कन्वोकेशन आयोजित होगा. दीक्षांत समारोह में कई छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी।

आईटीएम के कुलपति प्रोफेसर योगेश उपाध्याय ने बताया कि दीक्षांत समारोह में देश की ऐसी चुनिंदा हस्तियों को मानद उपाधियां (ऑनरिस कोजा) प्रदान कर रहा है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में नए व विशिष्ट कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इन हस्तियों में गोपाल सुब्रमण्यम (भारतीय वकील, अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थ और भारत के पूर्व सॉलिसिटर जनरल), श्रीमती अनुपम सूद (प्रख्यात भारतीय चित्रकार, कलाकर और प्रिंटमेकर), श्रीमती किरण नादर (पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित, किरण नादर कला संग्रहालय की संस्थापक एवं अध्यक्ष), श्रीमती अरुंधति नाग (पद्मश्री से सम्मानित, प्रसिद्ध भारतीय फिल्म और रंगमंच अभिनेता और निर्देशक), प्रोफेसर खेम सिंह दहेरिया (अध्यक्ष, मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग), सोपान जोशी (लेखक एवं पत्रकार), धनराज पिल्ले (पद्मश्री से सम्मानित, भारतीय फील्ट हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और खेल रत्न पुरस्कार विजेता) के नाम शामिल हैं। इन्हें डीलिट/ डीएससी/ पीएचडी उपाधियों से अलंकृत किया जाएगा।

## ग्वालियर की सड़कों को मिलेगा नया रूप

**ग्वालियर 21 नवम्बर.** शहर की सड़कों को स्मूथ और सुरक्षित और लंबे समय तक चलने वाली बनाने के लिए नगर निगम ग्वालियर अब पेच रिपेरिंग में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करने जा रहा है। नई टेक्नोलॉजी से किए जाने वाले कार्य का औपचारिक शुभारंभ शुक्रवार को महापौर डॉ शोभा सतीश सिकरवार द्वारा नवीन तकनीकि के वाहनों को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया तथा बालभवन के सामने वाली रोड पर गडडे भरे गए। इस अवसर पर अपर आयुक्त मुनीष सिंह सिकरवार, कार्यपालन यंत्री सुशील कटारे, पेच रिपेरिंग के नोडल अधिकारी अमित गुप्ता, उपयंत्री सुश्री वर्षा मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे। पेच रिपेरिंग के नोडल अधिकारी अमित गुप्ता ने बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा प्रारंभ की गई नई तकनीक से सड़क मरम्मत टिकाऊ, तेज होगी।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**मोचन सूचना**

बैंक ऑफ बड़ौदा, नया बाजार शाखा, राज पायगा रोड़, नया बाजार ग्वालियर (म.प्र.) - 474001, मो. नं. 72477-70056
Email : naygwa@bankofbaroda.com, Web: www.bankofbaroda.com

विषयः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI अधिनियम, 2002) के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) और/या नियम 8 (6) के अंतर्गत सूचना।

| ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | मांग सूचना एवं कब्जे की दिनांक | बैंक को प्रभारित प्रतिभूतियों का विवरण |
|---|---|---|
| ऋणी 1. श्री नारायण सिंह यादव पुत्र श्री प्रेम सिंह 2. श्रीमती राजकुमारी यादव पत्नी नारायण सिंह यादव पताः निराला नगर, काशीपुरा सिंहपुर रोड मुरार ग्वालियर-474006 3. श्री हवेंद्र सिंह पुत्र करण सिंह जाटव पताः भीम नगर, गांधी रोड थाटीपुर, ग्वालियर (म.प्र.) | मांग नोटिस दिनांक 14-07-2025 कब्जा दिनांक 01-10-2025 | संपत्ति मालिक- श्री नारायण सिंह यादव पुत्र प्रेम सिंह यादव- मकान नंबर 27/1335, सर्वे नंबर 2374 का हिस्सा, वार्ड नंबर 26, काशीपुरा, मुरार, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) का समतामूलक बंधक, भूखंड का क्षेत्रफल 750 वर्ग फुट/67 .70 वर्ग मीटर, चतुर-सीमाएं : पूर्व : पंडित जी का मकान, पश्चिम : महाराज सिंह का भूखंड, उत्तर : आम रास्ता, दक्षिण : महाराज सिंह का भूखंड |
| ऋणी : 1. आशीष कुमार पुत्र रामप्रकाश पताः (ए) गांव छोटा पुरवा, बनीपारा महाराज, पोस्ट बनीपारा, कानपुर देहात (उ.प्र.)-209303 पताः (बी) हिल्स व्यू कॉलोनी गेट नंबर 02, डी.डी. नगर, गिर्द ग्वालियर, शहर ग्वालियर-474005 2. आनंद कुमार पुत्र रामप्रकाश पताः (ए) गांव छोटा पुरवा, बनीपारा महाराज, पोस्ट बनीपारा, कानपुर देहात (उ.प्र.)-209303 पताः (बी) हिल्स व्यू कॉलोनी गेट नंबर 02, डी.डी. नगर, गिर्द ग्वालियर, शहर ग्वालियर-474005 | मांग नोटिस दिनांक 03-07-2025 कब्जा दिनांक 01-10-2025 | संपत्ति मालिक- श्री आशीष कुमार पुत्र राम प्रकाश- इक्विटेबल मॉर्गेज, मकान नंबर एल.आई.जी.-07, शिव सिद्धि रेजीडेंसी, वार्ड नंबर 18, गांव महाराजपुरा घेरा, ग्वालियर, तहसील और जिला ग्वालियर (म.प्र.), प्लॉट एरिया 393 .64 वर्गफुट, चतुर-सीमाएं : पूर्व : आम रास्ता, पश्चिम : प्लॉट नंबर ई-153, उत्तर : प्लॉट नंबर एलआईजी-06, दक्षिण : प्लॉट नंबर एलआईजी-08 |
| ऋणी : 1. श्री आशीष कुमार पुत्र रामप्रकाश पताः (ए) गांव छोटा पुरवा, बनीपारा महाराज, पोस्ट बनीपारा, कानपुर देहात (उ.प्र.)-209303 पताः (बी) हिल्स व्यू कॉलोनी गेट नंबर 02, डी.डी. नगर, गिर्द ग्वालियर, शहर ग्वालियर-474005 2. श्री आनंद कुमार पुत्र रामप्रकाश पताः (ए) गांव छोटा पुरवा, बनीपारा महाराज, पोस्ट बनीपारा, कानपुर देहात (उ.प्र.)-209303 पताः (बी) हिल्स व्यू कॉलोनी गेट नंबर 02, डी.डी. नगर, गिर्द ग्वालियर, शहर ग्वालियर-474005 | मांग नोटिस दिनांक 03-07-2025 कब्जा दिनांक 01-10-2025 | संपत्ति मालिक- श्री आशीष कुमार पुत्र राम प्रकाश- इक्विटेबल मॉर्गेज, मकान नंबर एल.आई.जी.-08, शिव सिद्धि रेजीडेंसी, वार्ड नंबर 18, गांव महाराजपुरा गिर्द, ग्वालियर, तहसील और जिला- ग्वालियर (म.प्र), प्लॉट एरिया 393 .64 वर्गमीटर, चतुर-सीमाएं : पूरब : आम रास्ता, पश्चिम : प्लॉट नंबर ई-153, उत्तर : प्लॉट नंबर एलआईजी-07, दक्षिण : प्लॉट नंबर एलआईजी-09 |

आप सभी को सूचित किया जाता है कि (1) आपके द्वारा मूल सूचना पत्र / और यदि पता दिया हो तो / यदि डाक अधिकारियों द्वारा लौटाया गया हो तो, पूर्ण विवरण के लिए अधोहस्ताक्षरी कर्ता से प्राप्त किया जा सकता है, (2) सरफेसी अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई से बचने के लिए नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि ब्याज और लागत आदि का भुगतान करना। (3) बैंक की पूर्व लिखित सहमति के बिना बंधक प्रतिभूतियों / संपत्तियों का किसी प्रकार का कोई लेन-देन न करे।

स्थानः ग्वालियर | दिनांकः 21.11.2025 | प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95